## संपादकीय

# जब पेट पर मार पड़े

राजपक्षे परिवार की तरफ से लोकतंत्र के तमाम उल्लंघनों को देश की जनता माफ करती रही। वजह यह है कि तमिल विद्रोह को कुचलने का श्रेय महिंद राजपक्षे को दिया जाता है, जो उस समय राष्ट्रपति थे। बदले में राजपक्षे परिवार देश पर अपना शिकंजा कसता गया। लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

श्रीलंका में जो हालात बने हैं, उसमें दूसरे देशों के लिए भी कई सबक छिपे हैं। गौर करने की बात यह है कि आर्थिक संकट ने वहां बहुचर्चित राजपक्षे परिवार का तिलिस्म तोड़ दिया है। इस परिवार की तरफ से लोकतंत्र और जन अधिकारों के तमाम उल्लंघनों को देश की जनता माफ करती रही। इसकी वजह यह है कि तमिल विद्रोह को कुचलने का श्रेय महिंद राजपक्षे को दिया जाता है, जो उस समय राष्ट्रपति थे। तब से उग्र राष्ट्रवाद की सियासत को हवा देते हुए राजपक्षे परिवार देश पर अपना शिकंजा कसता गया। लेकिन 2021 में हवा का रुख बदलने लगा। कारण 2020 में आई कोरोना महामारी के कारण गंभीर हुई आर्थिक हालत थी। 2022 आते-आते यह परिवार जन आक्रोश के निशाने पर आ गया। बीते गुरुवार को हालात काबू से बाहर हो गए, जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन की तरफ कूच कर दिया। उसके बाद इमरजेंसी लागू की गई। लेकिन श्रीलंका में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला ठहरा नहीं है। छिट-पुट रूप से देश के कई हिस्सों में जन प्रदर्शन जारी हैं। इस दौरान लोग अपना गुस्सा जता रहे हैं। मसलन, एक प्रदर्शनकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक टीवी चैनल से कहा- 'लोग बहुत गुस्से में हैं। वे चिल्ला रहे हैं। पिछले हफ्ते लोगों ने राष्ट्रपति गोटबया राजपक्षे से इस्तीफे की मांग की। उसके बाद से लोग उन्हें गालियां दे रहे हैं।'

1948 में आजाद होने के बाद श्रीलंका ने आज जैसे आर्थिक संकट का कभी सामना नहीं किया। ऐसा इसके पहले कभी नहीं हुआ कि बिजली ना रहने के कारण दुकानें बंद करनी पड़ी हों। या पेट्रोल पंपों पर लगी कतार को संभालने के लिए सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी हो। लंबी कतारें अनाज और दूसरी जरूरी चीजों की खरीदारी के लिए भी लगानी पड़ रही है। इन हालात के लिए लोग सीधे तौर पर राष्ट्रपति राजपक्षे और उनके परिवार को दोषी ठहरा रहे हैं, तो उसकी ठोस वजह है। राजपक्षे के परिवार के करीब एक दर्जन लोग इस समय सरकार या सरकार से जुड़े विभागों में ऊंचे पदों पर बैठे हुए हैं। राष्ट्रपति गोटबया के भाई महिंद राजपक्षे अभी प्रधानमंत्री हैं। उनके एक दूसरे भारी बासिल राजपक्षे वित्त मंत्री हैं। राष्ट्रपति के बेटे नमाल राजपक्षे इस समय संसदीय कार्य मंत्री हैं। स्वाभाविक है, लोग सरकार की ये सफाई सुनने को तैयार नहीं हो रहे है कि मौजूदा संकट के लिए राष्ट्रपति जिम्मेदार नहीं हैं।

# 9 विकेट लेकर उमेश अभी भी पहले स्थान पर बरकरार

### मुंबई के गेंदबाज मिल्स ने टॉप-10 में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** आईपीएल 15 के 14वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार तेज गेंदबाज उमेश यादव ने एक बार टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे ओवर में ही पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। इस मैच में उमेश को सिर्फ एक विकेट मिला। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में सिर्फ 25 रन खर्च किए। हालांकि एक विकेट की बदौलत वह इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में टॉप पर अभी भी बरकरार हैं और पर्पल कैप के हकदार बने हुए हैं।

उमेश यादव का ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है। उन्हें लगभग हर मैच में विकेट मिला है। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए उमेश यादव ने आईपीएल 2022 में 4 मैचों में कुल 9 विकेट झटक लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉन्मी 5.25 रही है।

पर्पल कैप की रेस में उमेश के काफी करीब सिर्फ चहल और आवेश खान हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे युजवेंद्र चहल ने 3 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आवेश खान हैं। उन्होंने भी तीन मैचों में 7 विकेट झटके हैं। आवेश के पास आज लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच में पर्पल कैप हासिल करने का शानदार मौका होगा।

पंजाब किंग्स के राहुल चाहर तीन मैचों में 6 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं। आरसीबी के ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा ने भी 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं और वह लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। पर्पल कैप की रेस में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स भी शामिल हो गए हैं। वह इस लिस्ट में छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। मिल्स ने कोलकाता के खिलाफ मैच में 2 विकेट झटके थे। वह आईपीएल 2022 में 3 मैचों में 6 विकेच चटका चुके हैं। सातवें नंबर पर गुजरात सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी है। शमी ने इस सीजन अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने सिर्फ दो मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं। आठवें नंबर पर टिम साउदी हैं, जिनके नाम 3 मैचों में 5 विकेट हैं। ट्रेंट बोल्ट और ड्वेन ब्रावो 5-5 विकेट के साथ नौवें नंबर पर हैं।

# पाकिस्तानी रुपये की रिकॉर्ड तोड़ गिरावट का सिलसिला जारी



**कराची।** स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तानी रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 186.13 रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछले कार्य दिवस में यह 185.23 रुपये था। जियो न्यूज के मुताबिक, 24 मार्च को छोडक़र पाकिस्तानी रुपये ने लगातार 16वें कार्य दिवस में नॉन-स्टॉप डाउनवर्ड स्ट्रीक बनाए रखा है, जब यह राजनीतिक स्थिति और अर्थव्यवस्था के बारे में चिंतित निवेशकों के साथ पिछले दिन के बंद होने की तुलना में सपाट बंद हुआ और गिरती मुद्रा ने केंद्रीय बैंक पर बचाव के लिए दबाव डाला।

अंतर-बैंक बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाक मुद्रा 0.48 प्रतिशत (या 1 रुपये) गिरकर 186 रुपये की महत्वपूर्ण सीमा से एक नए ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गई। रुपये में नवीनतम गिरावट तब देखी गई, जब पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने चालू वित्तवर्ष के पहले नौ महीनों (जुलाई-मार्च) के दौरान पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में व्यापार घाटे में 70 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 35.4 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने नई सरकार के इंतजार में चल रहे 6 अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम को तीसरी बार रोक दिया। आईएमएफ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए संलग्न होगा और पाकिस्तान को अपना समर्थन जारी रखने के लिए तत्पर है। पिछले 11 महीनों से रुपये में गिरावट का रुख बना हुआ है। मई 2021 में रिकॉर्ड किए गए 152.27 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर की तुलना में अब तक इसमें 22.23 प्रतिशत (या 33.86 रुपये) का नुकसान हुआ है।

# अडानी खरीदेंगे रेणुका शुगर कंपनी को? निवेशकों को मिल रहा है तगड़ा रिटर्न

**नई दिल्ली।** रेणुका शुगर के शेयर में पिछले दो दिनों के दौरान तगड़ी उछाल देखने को मिली। कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा गया था। बाजार बंद होने तक रेणुका शुगर के एक शेयर की कीमत 49.50 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। पिछले दो दिनों में उछाल की वजह से कंपनी के शेयर ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 35प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया। यानी महज एक सप्ताह में ही निवेशक मालामाल हो गए। शेयर बाजार से जुड़े एक्सपर्ट के अनुसार रेणुका शुगर के शेयरों में उछाल की वजह है एक खबर। इस बात की चर्चा जोरों पर है कि इस कंपनी को भविष्य में अडानी समूह खरीद सकती है। वहीं, शेयरों उछाल की बड़ी वजह सरकार की तरफ से इथेनॉल को बढ़ावा मिलना भी बताया जा रहा है। बता दें, कंपनी की तरफ से इस पूरी डील को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। इसके बावूजद कीमतों में उछाल बरकरार है। रेणुका शुगर के शेयरों में उछाल पर प्रॉफिटमार्ट सिक्योरिटिज के रिसर्च हेड अविनाश कहते हैं, कंपनी के शेयरों में उछाल की वजह पूर्वानुमान है।

# हीरो इलेक्ट्रिक ने की शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीस के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक ने लास्ट-माइल डिलीवरी के लिए भारत के अग्रणी क्राउडसोर्स प्लेटफॉर्म शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीस के साथ साझेदारी की घोषणा की। हीरो इलेक्ट्रिक अपने 100,000 मजबूत डिलीवरी बेड़े के 25 प्रतिशत को मुख्य रूप से अपने हीरो एनवाईएक्स एचएक्स इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के साथ ईवी में परिवर्तित करने में शैडोफैक्स की सहायता करेगी।

हीरो इलेक्ट्रिक के प्रबंध निदेशक नवीन मुंजाल ने कहा, इस साल उद्योग में तेजी से विकास होगा और देश भर में बिजनेस-टु-बिजनेस बेड़े में तेजी से बदलाव होगा। मुंजाल ने कहा, यह सहयोग हमें लॉजिस्टिक्स बाजार में कार्बन-मुक्त गतिशीलता को सक्षम करने और शैडोफैक्स द्वारा दी जाने वाली लास्ट-माइल डिलीवरी की उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

शैडोफैक्स ने हाल ही में बेड़े के तेजी से विद्युतीकरण की योजना साझा की और 2024 तक 75 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों को स्थानांतरित करने का लक्ष्य रखा है। शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और सीईओ अभिषेक बंसल ने कहा, हरित, स्वच्छ वातावरण की हमारी खोज को बढ़ावा देने के अलावा, यह (साझेदारी) सभी के लिए कमाई के अवसर प्रदान करेगी। लॉजिस्टिक्स और लास्ट-माइल डिलीवरी सेगमेंट अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं। ईवी अपनाने के परिणामस्वरूप, एक मिलियन सूक्ष्म-उद्यमी प्रौद्योगिकी के माध्यम से और स्थायी तरीके से, कहीं भी, कभी भी कुछ भी वितरित करने में सक्षम होंगे।

शैडोफैक्स एक मिलियन से अधिक यूजर्स को सक्षम कर रहा है और हर महीने 20 मिलियन से अधिक डिलीवरी कर रहा है। यहां अगले चार वर्षों में बी2बी सेगमेंट से 35 प्रतिशत बिक्री को परिवर्तित करने का लक्ष्य है। कंपनी की निर्माण इकाई लुधियाना में है और यह इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक विस्तृत श्रृंखला बेचती है। कंपनी ने भारत में पहला लिथियम आयन आधारित इलेक्ट्रिक स्कूटर विकसित किया है और अब तक 450,000 से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री कर चुकी है।

# टिकट चेकिंग से पूर्व-मध्य रेलवे को हुई रिकॉर्ड आय, 182.84 करोड़ का राजस्व प्राप्त



**हाजीपुर।** कोरोना काल के बावजूद वित्तीय वर्ष 2021 -22 में पूर्व मध्य रेलवे ने टिकट चेकिंग से रिकॉर्ड आय अर्जित की है। इस वित्तीय वर्ष में पूर्व मध्य रेलवे ने टिकट चेकिंग से 182 करोड़ रुपए से ज्यादा राजस्व प्राप्त किए हैं। माह अप्रैल-मई में लॉकडाउन समाप्ति के उपरांत ट्रेनों का आवागमन सामान्य हुआ तथा ट्रेनों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गयी। साथ ही कुछ ट्रेनों में अक्टूबर से अनारक्षित टिकटों की सुविधा भी प्रदान की गई।

दशहरा एवं छठ पर्व के समाप्त होने के उपरांत यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई। साथ ही साथ बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरूद्ध सख्ती भी बढ़ाई गई। विशेष टिकट जांच अभियान पांचों मंडलों के महत्वपूर्ण स्टेशनों एवं ट्रेनों में चलाये गये, जिनमें वाणिज्य विभाग के साथ-साथ सभी विभाग के अधिकारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल ने सक्रिय योगदान दिए।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 32.04 लाख बिना टिकट यात्री पकड़े गये, जिनसे कुल 182.84 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 35 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने बताया कि दानापुर मंडल ने 56.70 करोड़, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने 21.89 करोड़, धनबाद मंडल ने 18.83 करोड़, सोनपुर मंडल ने 35.29 करोड़ एवं समस्तीपुर मंडल ने 50.12 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त किया। पांचों मंडलों में दानापुर मंडल द्वारा टिकट चेकिंग से सर्वाधिक रेल राजस्व प्राप्त किया गया है।

# रोहित शर्मा ने तोड़ा दिनेश कार्तिक का अनचाहा रिकॉर्ड, आईपीएल में ऐसा करने वाले बने पहले बैटर



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खस्ता नजर आ रही है, कप्तान रोहित शर्मा भी खराब फॉर्म में ही दिख रहे हैं। टीम अपने लगातार तीन मैच गंवा चुकी है और इन तीनों मैचों में रोहित का बल्ला भी खामोश रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रोहित 12 गेंद पर महज तीन रन बनाकर आउट हो गए। रोहित का विकेट उमेश यादव के खाते में गया, जो इस सीजन में केकेआर की ओर से जबर्दस्त गेंदबाजी कर रहे हैं। इस पारी के दौरान रोहित के नाम आईपीएल का एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। रोहित 61वीं बार आईपीएल में सिंगल डिजिट पर आउट हुए हैं, और इस मामले में उन्होंने दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ते हुए टॉप पोजिशन हासिल कर ली है। दिनेश कार्तिक आईपीएल में 60 बार सिंगल डिजिट पर आउट हुए हैं। तीसरे नंबर पर इस लिस्ट में सुरेश रैना का नाम आता है, जो 53 बार डबल डिजिट पर पहुंचे बिना पवेलियन लौट गए हैं। केकेआर के खिलाफ मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला और टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 161 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 52 जबकि तिलक वर्मा ने नॉटआउट 38 रनों की पारी खेली। कीरोन पोलार्ड ने 5 गेंद पर नॉटआउट 22 रन ठोके। जवाब में केकेआर ने यह टारगेट 16 ओवर में ही पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर 50 रन बनाकर नॉटआउट लौटे और पैट कमिंस ने 15 गेंद पर नॉटआउट 56 रन ठोके।

# अपारशक्ति ने पूरी की एक्शन थ्रिलर बर्लिन की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर बर्लिन की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में राहुल बोस और इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे। अतुल सभरवाल द्वारा निर्देशित फिल्म ने दिल्ली, भोपाल, आगरा और मुंबई जैसे शहरों में शूटिंग की है।

अभिनेता ने कहा कि उन्हें अतुल के साथ काम करने में इतना मजा आया कि अब वह निर्देशक के साथ एक कॉमेडी फिल्म और करना चाहते हैं।

अपारशक्ति ने कहा कि मुझे लगता है कि अतुल सर में बहुत अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर है, जिससे लोग बिल्कुल अनजान हैं। उनके सेंस ऑफ ह्यूमर और टीम वर्क ने काम को और मजेदार बना दिया था।

उन्होंने कहा कि जहां कभी भी मैं नहीं हम होता है, वह सबसे अच्छी टीमें होती हैं। सबसे खूबसूरत टीम को अलविदा कहना थोड़ा मुश्किल है, पर बर्लिन के सेट की यादें हमारे पास हमेशा रहेंगी। पूरी टीम के साथ काम करना मजेदार रहा।


एक्शन थ्रिलर का निर्माण जी स्टूडियोज, अतुल सभरवाल और मानव श्रीवास्तव ने यिप्पी की ये मोशन पिक्च र्स के तहत किया है।

# तमिल फिल्म ओह माई डॉग 21 अप्रैल को होगी रिलीज



तमिल पारिवारिक मनोरंजन ओह माई डॉग का वैश्विक प्रीमियर 21 अप्रैल होने वाला है। फिल्म वास्तविक जीवन के फिल्मी परिवार की तीन पीढ़ियों को एक प्रदुर्शत करेगी- विजयकुमार, अरुण विजय, जो अपनी खलनायक भूमिकाओं के लिए तमिल सिनेमा में प्रसिद्ध हैं, और अर्णव विजय, डेब्यू कर रहे हैं। यह फिल्म अर्जुन (अर्नव) और एक अंधे पिल्ले (पपी) सिम्बा के बारे में एक दिल को छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत करती है। कहानी उनकी इच्छाओं, प्राथमिकताओं, देखभाल, साहस, जीत, निराशाओं, दोस्ती, बलिदान, बिना शर्त प्यार और वफादारी को दिखाती है। सरोव शनमुगम द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म का निर्माण ज्योतिका-सूर्या द्वारा किया गया है। इसमें निवास प्रसन्ना का संगीत और गोपीनाथ का छायांकन है।

# घर में बनाएं टेस्टी 'ढाबा स्टाइल पनीर मसाला'



ढाबे के खाने की बात ही अलग होती है। दाल हो या सब्जी या फिर सिंपल सी रोटी में भी अलग ही स्वाद मिलता है। तो अगर आप घर में ढाबा स्टाइल पनीर बनाना चाहते हैं तो इस रेसिपी को करें फॉलो।

### सामग्री :

2 टेबलस्पून साबुत धनिया, 1 टीस्पून जीरा, 1/4 टीस्पून काली मिर्च, 2 छोटी इलायची, 1/2 इंच दालचीनी, 1/2 टीस्पून सौंफ, 3 लौंग

**पनीर की सामग्री-** 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1/4 टीस्पून गरम मसाला, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टेबलस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट, स्वादानुसार नमक, 20 टुकड़े पनीर, 1 टेबलस्पून तेल

**ग्रेवी की सामग्री-** 2 टेबलस्पून घी, 1 टेबलस्पून तेल, 1 तेजपत्ता, 2 छोटी इलायची, 1 इंच दालचीनी, 2 लौंग, 1 टीस्पून जीरा, 1 प्याज कटा हुआ, 1 टेबलस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1/4 टीस्पून हल्दी, स्वादानुसार ढाबा मसाला, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, 2 टमाटर कटे हुए, 1/2 कप दही, 1 टेबलस्पून कसूरी मेथी, 1 टीस्पून गरम मसाला, सजाने के लिए हरा धनिया


### विधि :

एक बोल में तेल छोड़कर पनीर की सारी सामग्री मिलाएं और मेरिनेशन के लिए रख दें। 30 मिनट बाद तेल गर्म कर मेरिनेट किया हुआ पनीर तल लें। इसके बाद पैन में धीमी आंच पर ढाबा मसाला की सारी चीज़ें भूनें और ठंडा होने पर मिक्सी में पीस लें। अब ग्रेवी की सामग्री में से कड़ाही में तेल-घी गर्म कर खड़े मसाले और प्याज भूनें। प्याज अच्छी तरह भून जाने पर अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और इसे 5 मिनट भूनने के बाद टमाटर, स्वादानुसार ढाबा मसाला, नमक, हल्दी, लाल मिर्च डालें। टमाटर गलने पर दही मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं और आधा कप पानी और पनीर डालकर ढक दें। 5 मिनट बदा हरे धनिए से गार्निश कर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 35

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# सू-दोकू- 35

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.034 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण उत्साहित होगा। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

***बृषभ :*** परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। नित्य एक जैसी दिनचर्या से बोरियत होगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होंगे। कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में ब्यस्तता बढ़ेगी।

***मिथुन :*** धार्मिक एवं अध्यात्मिक कार्यों की ओर मन केंद्रित होगा। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बनें। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें।

***कर्क :*** निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। परिजनों के बातों को महत्व दें। मन को रचनात्मक कार्य की ओर केंद्रित करें।

***सिंह :*** बीती हुई बातों के भूलने की चेष्टा करें। यह समय काफी अच्छा कहा जाएगा। अपनी रचनात्मकता को साकार रूप देंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियों मन बोझिल होगा। घर में खुशहाली रहेगी।

***कन्या :*** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। कुछ आर्थिक समस्याओं को लेकर मन परेशान कहा रहेगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

***तुला :*** परिजनों के बीच सब कुछ सामान्य होगा परन्तु कुछ भावनाएं मन को परेशान करेंगी। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव है।

***वृश्चिक :*** यह समय ईश्वरीय आस्था एवं सामाजिक कार्यों में ब्यस्त रखेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आलस्य का त्याग करें। मन को ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक व रचनात्मक दिशा देने का प्रयास करें।

***धनु :*** घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। प्रयासरत् क्षेत्रो में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में कतई स्थान न दें।

***मकर :*** कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से नये उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। मन को रचनात्मक कार्य में लगायें। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

***कुंभ :*** नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह ऊर्जावान बनायेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता संभव।

***मीन :*** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। बीती बातों को भूलने का प्रयास करें। खाली समय का पूर्ण उपयोग करें। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे। भावनाओं पर नियंत्रण रखें।